# दिल तो प्यारा है मगर दिल से प्यारा तू है भजन लिरिक्स

दिल तो प्यारा है,
मगर दिल से प्यारा तू है,
पर गजब ये है कि,
इस दिल में भी न्यारा तू है।**bd**।

---

दिल दुखाने का जो,
दावा भी करूँ किस पे करूँ,
दर्दे दिल तू ही है,
और दिल भी हमारा तू है।
पर गजब ये है कि,
इस दिल में भी न्यारा तू है।**bd**।

---

मुझको तेरे सिवा,
कोई भी नज़र आता नहीं,
रोशनी जिसमे है,
आँखों का वो तारा तू है।
पर गजब ये है कि,
इस दिल में भी न्यारा तू है।**bd**।

---

तेरा कब्जा है हरेक दिल पे,
कोई दे या न दे,
दिल दुलारा है तेरा,
दिल का दुलारा तू है।
पर गजब ये है कि,
इस दिल में भी न्यारा तू है।**bd**।

---

'बिन्दु' आँसू के बहा बैठे हैं,
उल्फ़त कि नदी में,
मैं हूँ मझधार में,
घनश्याम किनारा तू है।
पर गजब ये है कि,
इस दिल में भी न्यारा तू है।**bd**।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

दिल तो प्यारा है,
मगर दिल से प्यारा तू है,
पर गजब ये है कि,
इस दिल में भी न्यारा तू है।**bd**।

प्रेषक – शिवकमार शर्मा
**9926347650**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com